6203(E)
2/9/2026

निर्माण शाखा

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 01-09-2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल, समस्तीपुर अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Asset Maintenance Contract) प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.-12A/Samastipur कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2464 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2585(अनु०) दिनांक–24.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–24.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Asset Maintenance Contract) प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Package No.- 12A/ Samastipur |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, समस्तीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹14372.42 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹15504.50 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1610(अनु०) दिनांक–23.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹13425.15 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Vallabhaneni Constructions Private Limited
(2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.
(3) Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd.
(4) Raj Kumar Singh Raja Construction Pvt. Ltd.
(5) Avednex Private Limited.
(6) ACL – NVPL 'JV'
(7) Hill Brow Metalics & Construction Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–2464 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल सात निविदाकारों में से एक निविदाकार, ACL – NVPL 'JV' को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

पाँच निविदाकार यथा **(i)** Vallabhaneni Constructions Private Limited को MBD के Section 3 : Clause 2.6 एवं NIT के क्रमांक–28 के आलोक में, **(ii)** Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक–18 तथा MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में, **(iii)** Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक–18 एवं NIT के क्रमांक–28 के आलोक में, **(iv)** Raj Kumar Singh Raja Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक– 18 के आलोक में एवं **(v)** Hill Brow Metalics & Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 4 Clause D6, NIT के क्रमांक–28 तथा Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10 एवं NIT के क्रमांक–39 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

शेष एक निविदाकार, Avednex Private Limited द्वारा **e-proc 2** में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया है। यहाँ तक कि EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किये गये है, फलतः इनके निविदा को अमान्य किया गया।

साथ ही प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम– 163 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बशर्त्ते विभागीय आदेश–141– सह पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं हो। यदि इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही अग्रतर कारवाई करने का निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2464 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–RRC/26-27/205 दिनांक– 14.08. 2026, (2) Vallabhaneni Constructions Private Limited का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 एवं (3) Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 के द्वारा

परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2585(अनु०) दिनांक–24.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक– 24.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (i) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–RRC/26-27/205 दिनांक– 14.08.2026, (ii) Vallabhaneni Constructions Private Limited का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 एवं (iii) Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 के द्वारा आपत्ति प्राप्त हुआ है।

**परिवाद /आपत्ति की समीक्षा :–**

| | परिवाद/आपत्ति | समीक्षा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1. | **Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा दिये गये आपत्ति :–**<br><br>उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर सूचित करना है कि उक्त पथ प्रमण्डल समस्तीपुर अंतर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Contract प्रणाली के तहत राज्य अन्तर्गत Packave No.- 12A/Samastipur में मेरे द्वारा निविदा में भाग लिया गया था परन्तु आपके द्वारा ITB Clause- 17 के आलोक में बिड security BG के रूप में Conditional BG Upload किया गया एवं पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बिहारशरीफ के अधीन दो कार्यों यथा (1) बिहार बख्तियापुर पथ कारगिल चौक से पचासा मोड़ का चौड़ीकरण एवं (2) पथ प्रमंडल बिहारशरीफ अन्तर्गत NH-82 leftout अंश (इतवारी बाजार से उपरौरा मोड़) पथ का चौड़ीकरण कार्य न्यूनतम निविदाकार होने के फलस्वरूप आवंटन होने के बावजूद एकरारनामा नहीं किया गया। ये दोनों कारण लगाकर आपके द्वारा तकनीकी बिड में असफल किया गया है जो न्याय संगत नहीं है।<br><br>**(1)** मुख्य शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बरौदा कदम कुऑं पटना द्वारा निर्गत बैंक गारंटी RBI के गाईड लाइन के अनुरूप बनाया गया है। जिसे विभाग को किसी तरह का आवश्यकता पड़ने पर जब्ती पर किसी भी प्रकार का असर नहीं पड़ेगा। जिसका justification मुख्य शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बरौदा कदम कुआँ द्वारा पत्र के द्वारा आश्वस्त | आलोच्य निविदा में निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा भाग लिया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक– 18 तथा MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। इनके द्वारा Uploaded Bid Security का Bank Guarantee के साथ अंकित है कि "This Guarantee will be operative when Accompanied with advice (SFMS) issued from the advising Bank" परन्तु B.G. के साथ SFMS से संबंधित अभिलेख Upload नहीं किया गया है।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सोनपुर को अवगत कराया गया है कि विभाग को किसी भी समय बैंक गारंटी आवश्यकता पड़ने पर जब्ती किया जा सकता है छायाप्रति संलग्न। | | |
| | (2) पथ प्रमंडल बिहारशरीफ अन्तर्गत दो पथों में कार्य आवंटन हुआ था परन्तु कार्यपालक अभियंता द्वारा forest clearnace एवं Utility shifting का NOC नहीं उपलब्ध कराने के कारण मेरे द्वारा एकरारनामा नहीं किया गया जिसके लिए अनेको बार पत्र के माध्यम से कार्यपालक अभियंता को बार–बार अनुरोध मेरे द्वारा किया गया कि अविलम्ब forest clearnace एवं Utility shifting का NOC उपलब्ध कराया जाये क्योंकि दोनों पथों में Road का चौड़ीकरण करना था। बिना forest एवं Utility shifting हटाये हुए कार्य करना संभव नही था छायाप्रति संलग्न। परन्तु कार्यपालक अभियंता का ज्ञापांक– 1952 दिनांक– 15.09.2025 को निविदा में जमा जमानत की राशि बैंक गारंटी दोनों पथों का जब्त करने हेतु कारवाई की गयी। इसके उपरांत ही मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना के कोर्ट में मुझे जाना पड़ा। forest clearnace एवं Utility shifting का NOC न प्राप्त होने के उपरांत कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत Letter No.- 1425 दिनांक– 03/07/2025 Revised Letter of Acceptance एवं Letter No.- 1426 दिनांक– 03/07/2025 Revised Letter of Acceptance दोनों LOA माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा निरस्त कर दिया गया जिसका छायाप्रति संलग्न।<br><br>अतः श्रीमान् से सादर पूर्वक अनुरोध है कि दो कारणों से तकनीकी बिड में असफल किया गया है। मेरे द्वारा साक्ष्य के साथ बिन्दुबार आवश्यक कागजात समर्पित के साथ अनुरोध है कि मुझे पुनः तकनीकी बिड में सफल करने हेतु पुनः विचार की कृपा की जाये। | निविदाकार द्वारा पथ प्रमण्डल, बिहारशरीफ अन्तर्गत न्यूनतम निविदाकार होने पर आवंटित दोनों कार्य LOA निर्गत होने के बाद भी एकरारनामा नहीं किया गया जिसके कारण कार्य ससमय नहीं कराया जा सका एवं विभाग द्वारा पुनर्निविदा किया गया। उपरोक्त परिस्थिति MBD के Section 3 Clause 1.2.1 (b) record of poor performance such as abandoning the works के श्रेणी में आता है।<br><br>तद् आलोक में MBD के Section 1.2.1. (b) के तहत असफल घोषित किया गया।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| **2.** | **Vallabhaneni Construction Private Limited द्वारा दिये गये आपत्ति :–**<br><br>1. With reference to the above-mentioned tender, we respectfully submit | निविदाकार द्वारा Executive Engineer (R & B) Division, Vijayawada द्वारा | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

that we have participated in the bidding process and duly submitted our bid. But, following objection has been raised. in this regard, We would like to bring the following for your kind consideration.

| Sl. No. | As per the MBD | Enclosed documents | Request for your kind consideration |
|---|---|---|---|
| 1 | As per MBD section 3: clause 2.6 Section 4, D-3, Form-EQU "The Bidder shall own at least One Hot Mix Plant (40-60 tonne/hour Capacity) not more than 15 years age." | We enclosed the Executive Engineer R&B Division, Vijayawada certificate for availability of Equipments in which own Hot Mix plant is enclosed along with and which is uploaded in the Bid document. (Anne4xure-1) | Since 2014, we have been executing works for the Road Construction Department (RCD), Bihar. As part of the OPRMC works in Darbhanga, we established and commissioned a Hot Mix plant at the project location. A certificate issued by the Executive Engineer, RCD, Darbhanga vide Memo no. 1172 dated 05.05.2026 confirming the establishment and operation of the Hot Mix Plant, along with the purchase invoices of the plant, are enclosed herewith. (Annexure-2) |
| 2. | As per the MBD vide section 3, Clause 1.2.1 & NIT Sl. No.- 28 it is mandatory to affixed an Advocates' Welfare Stamp of Rs. 25/- on the affidavit towards the Advocates' Welfare Fund. | We had enclosed the prescribed affidavit along with our bid. As per law prevailing in the State Andra Pradesh. There is no provision of advocate welfare stamp of Rs. 25/- in this rules. | We hereby undertake that, in the event of award of the work to our firm, or whenever called upon by the Authority, we shall immediately submit a fresh affidavit duly affixed with the applicable Advocates' Welfare Stamp As required in of Bihar State. |

हस्ताक्षरित Machine Certificate निविदा में Upload किया गया है, जिसमें इनका Ownership परिलक्षित नहीं होता है।

इन्होंने कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा का ज्ञापांक– 1172 दिनांक– 05.05.2026 समर्पित किया गया है जिसमें बताया गया है कि निविदाकार, Vallabhanaini Construction Pvt. Ltd. के पास 21.04.2014 को खरीदी गयी Hot Mix Plant है एवं निविदाकार के नाम से "Stationary Asphalt Drum Mix Plant model DM-50 (Capacity 60-90 TPH) with complete assly" का दिनांक–21.04.2014 का Retail invoice संलग्न किया गया है।

किन्तु निविदाकार द्वारा MBD के Section- 3: Clause 2.6 के आलोक में "At least one Hot Mix Plant (40-60 tonne/hour capacity) not more than 15 years age" का Ownership Certificate निविदा में Upload नहीं किया गया है।

अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | In the prescribed format, before execution of the agreement or within such time as may be directed by the Authority.<br><br>**2.** All above objections are in small in nature, which can be rectified. They do not alter the substance of our bid, our technical capability, financial eligibility, or our commitment to execute the work in accordance with the essential conditions of the tender. | | |
| | **3.** In this regard, I further invite your kind attention to Civil writ Jurisdiction Case No. 3245 of 2025 before the Hon'ble High Court of Judicature at Patna, in the matter of M/s Rai Raj Construction Private Limited vs. Road Construction Department, Government of Bihar, wherein the Hon'ble High Court observed that " for this very reason, we do not wish to interfere at this stage. However, we must state that the respondents in this case would have rectified that small defect " (Copy of order is attached Annexure-3).<br><br>4. As per MBD clause no 22. Clarification of Bids- 22.1 To assist in the examination, evaluation, and comparison of the bids, and qualification of the Bidders, the Employer may, at its discretion, ask any Bidder for a clarification of its bid. Any clarification submitted by a Bidder that is not in response to a request by the Employer shall not be considered. The Employer's request for clarification and the response shall be in writing. No change in the prices or substance of the bid shall be sought, offered, or permitted, except to confirm the correction of arithmetic errors discovered by the Employer in the evaluation of the bids, in accordance with ITB 26. Kindly consider.<br><br>5. We hereby further undertake that, in the event of award of the work to | निविदाकार द्वारा Advocate welfare Stamp के संबंध में CWJC No. 3245 of 2025 में दिनांक– 13.05. 2025 को पारित माननीय उच्च न्यायालय, पटना का Judgement संलग्न किया गया है। किन्तु उसमें Advocate Welfare Stamp of Rs. 25/- को exempt करने का न्यायादेश नहीं दिया गया है। साथ ही वर्त्तमान में विभाग द्वारा पूर्व के नियम में बदलाव नहीं किया गया है। NIT के क्रमांक– 28 के आलोक में शपथ–पत्र के साथ Advocate Welfare Stamp of Rs. 25/- वांछित था, जो कि निविदाकार द्वारा नहीं दिया गया।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | our firm or whenever called upon by the Employer, we shall promptly submit all the requisite documents referred to above before execution of the agreement or within such time as may be stipulated by the Employer.<br><br>6. In view of the foregoing facts and circumstances, we most respectfully request your good office to kindly condone these minor procedural deficiencies, permit us to rectify the same, and consider our bid for further evaluation in the interest of fairness, equity, and healthy competition.<br><br>We trust that our request will receive your kind and sympathetic consideration, and we shall remain grateful for the same. | | |
| 3. | **Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd.** द्वारा दिये गये आपत्ति :<br><br>With due respect, we would like to submit this representation regarding the technical disqualification of our bid for the above-mentioned work.<br><br>**MBD Section – Clause D6**: The initial tentative programme of performance was uploaded with a minor clerical mistake, wherein "OPRMC Package no -III .5 A" was mentioned instead of the relevant NIT number. However, this is not a mandatory document, and all other details remain unchanged. The work completion period is 84 months. | निविदाकार द्वारा Initial Tentative Program of Performance of OPRMC- III Package- 12 A की जगह OPRMC Package No.- III 5A का Upload किया गया है, जो इस कार्य से संबंधित नहीं है।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |
| | **As per Section 3, Clause 1.2.3, Section 4 – E-10 (FIN-4), and NIT Clause 39**, the details of our existing commitments and ongoing works were submitted along with the required supporting documents.<br><br>For all our existing commitments, we have uploaded the available **Work Orders** and, wherever the work has commenced, the Ongoing Work Certificates issued by the concerned Executive Engineers. In cases where a newly awarded work has not yet commenced at site, the concerned department/Executive Engineer has not | निविदाकार Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd. द्वारा MBD के Section 4E.10 (c), एवं NIT के क्रमांक– 39 के आलोक में Uploaded Existing Commitment की सूची के क्रमांक– 17 पर अंकित कार्य "Construction of Borida to Thengagud Tora Approach Road Length- 3.00 Km. (Actual Length- 2.00 Km.) under | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | issued an Ongoing Work Certificate, as the work has not started.<br><br>Accordingly, for such works, we have submitted the **Work Order copies** and duly reflected the respective work values and balance work commitments in **FIN-4.** The same figures have been considered while calculating our **Bid Capacity.** Therefore, there has been no concealment or misrepresentation of our existing commitments, and the information submitted by us is in accordance with the actual status of the works.<br><br>We respectfully submit that our bid has been prepared in good faith and in compliance with the tender conditions. We therefore request your good office to kindly reconsider our technical disqualification and allow our bid to be evaluated further.<br><br>"Your office has already verified all the submitted Work Orders and Ongoing Work Certificates directly with the concerned Executive Engineers/Departments through official email. All concerned departments have also verified the Work Orders and Ongoing Work Certificates and confirmed the same through email replies." | E.E, R.W.D., Division, Sarangarh" से संबंधित Engineer-in-Charge द्वारा निर्गत / हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र Upload नहीं किया गया है।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | |
| | **Regarding ₹25/- Advocate Welfare Stamp Paper Affidavit**<br><br>With regard to the requirement of the affidavit on ₹ 25/- Advocate Welfare Stamp Paper, we respectfully submit that no **specific format** for such affidavit was provided along with the NIT/tender documents available to us. Therefore, the same was inadvertently not uploaded with the bid documents.<br><br>We are ready and willing to submit the required affidavit on ₹25/- Advocate Welfare Stamp Paper immediately, in the format prescribed by your department, if required.<br><br>In view of the above facts and our bona fide compliance with the tender | NIT के क्रमांक– 28 में स्पष्ट उल्लिखित रखने के बावजूद निविदाकार द्वारा Uploaded शपथ–पत्र पर Rs. 25/- का Advocate Welfare Stamp Affixed नहीं किया गया है।<br><br>अतः आपत्ति का यह बिन्दु अमान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | requirements, we humbly request your good office to kindly reconsider the technical disqualification, verify the submitted documents from the concerned Executive Engineers, and permit our bid to proceed for further evaluation. | | |

## 7. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार (i) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक– RRC/26-27/205 दिनांक– 14.08.2026, (ii) Vallabhaneni Constructions Private Limited का पत्रांक– शून्य, दिनांक– 17.08.2026 एवं (iii) Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक– शून्य, दिनांक– 17.08.2026 द्वारा दिए गए आपत्ति को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक– 2464 दिनांक– 13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक– 13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये सफल/असफल के निर्णय को यथावत रखा जा सकता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का पत्रांक–RRC/26-27/205 दिनांक–14.08.2026, (2) Vallabhaneni Constructions Private Limited का पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 एवं (3) Hill Brow Metallics & Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य, दिनांक–17.08.2026 द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) 06 (छः) निविदाकार यथा (1) Vallabhaneni Constructions Private Limited को MBD के Section 3 : Clause 2.6 एवं NIT के क्रमांक–28 के आलोक में, (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक–18 तथा MBD के Section 3: Clause 1.2.1 (b) के आलोक में, (3) Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक–18 एवं (4) Raj Kumar Singh Raja Construction Pvt. Ltd. को MBD के ITB Clause-17 एवं NIT के क्रमांक– 18 के आलोक में एवं (5) Hill Brow Metalics & Construction Pvt. Ltd. को MBD के Section 4 Clause D6, NIT के क्रमांक–28 तथा Section 3: Clause 1.2.3, Section 4E.10 एवं NIT के क्रमांक–39 के आलोक में तकनीकी बीड असफल घोषित एवं (6) निविदाकार, Avednex Private Limited द्वारा e-proc 2 में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया है। यहाँ तक कि EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किये गये है, फलतः इनके निविदा को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) शेष एक निविदाकार यथा ACL-NVPL 'JV' द्वारा निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2466 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

01/09/26 | 01.9.26 | | 01/9/26
---|---|---|---
(सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर, पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अभिषेक पलासिया)<br>संयुक्त सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–138/2026 6203(E) पटना, दिनांक 2/9/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।